EDITORIAL

# A Resounding Call by the National Executive Committee for Unshakable Unity.

**On March 14 and 15, 2026, the National Executive Committee of NFTE, BSNL (National Federation of Telecom Employees) met in Patna. Through a unanimously passed resolution, the committee has called upon the leadership of all unions and associations to rise above all differences and create unshakable unity to rescue employees from the severe crisis they are facing. Given that various legitimate and burning issues of the employees have not been resolved for a long time, and the management is ignoring these problems, it is the need of the hour for all organizations to create unbreakable unity among themselves.**

Even during the British rule in India, employees and laborers stood together with strong unity and succeeded in bringing about the Trade Union Registration Act and various other laws. These facilities were not obtained easily; employees endured immense suffering to achieve them. However, by using their solidarity and struggle as weapons, they continued to achieve their goals.

We know that before the formation of BSNL, we worked in the Department of Telecommunications. Prior to 1986, all employees and officers were workers of the Post and Telegraph Department. In 1946, before independence, a strike was organized in our department, leading to the imprisonment of leaders like Comrade Om Prakash Gupta ji. Despite this, no power could break our unity. After independence, our organization, the National Federation of Post and Telegraph Employees, was established on November 24, 1954. Working as a leading force, this organization succeeded in securing the Pay Commission, Pension Act, and payment of Dearness Allowance (DA) through constant struggle and employee unity.

This organization continued to work unitedly until 1968. However, the one-day strike on September 19, 1968, shock the government. Following government intervention, the organization was split, and a new organization was founded. Yet, due to the deep thinking and devotion to duty of the employee leaders, these organizations continued to work together for the protection of employees. Later, political masters again caused a rift among employees, leading to the formation of a third organization in 1978. Under the leadership of NFPTE, these three organizations continued to work in the interest of the employees.

Following the division of the Post and Telegraph Department in 1986, two separate departments were created: the Department of Posts and the Department of Telecommunications. Consequently, the three aforementioned organizations also split to work separately in both departments. **The 1990s saw the era of privatization, globalization, and liberalization. During that period, the government began the process of converting the Department of Telecommunications into a corporation.** The then-government did not succeed, but in the year 2000, the ruling government converted the Department of Telecommunications into a corporation on October 1, 2000.

Even in this difficult time, the three organizations working in the Department of Telecom, under the leadership of Comrade O.P. Gupta ji, demonstrated rock-solid unity and organized a complete strike from September 6, 2000, to September 8, 2000. Although the Bharatiya Telecom Employees

Union withdrew its strike on the evening of September 6 under pressure, not a single employee returned to work. Consequently, **the Central Government was forced to negotiate with the strike leaders. After discussions, the government agreed to the employees' demands, including pension from the government exchequer, job guarantees, and measures to keep the newly created Bharat Sanchar Nigam Limited (BSNL) economically viable.**

Following this, employees joined the corporation with great enthusiasm. Working diligently according to the policies of the Government of India, they led the corporation toward huge profits. **BSNL remained in profit until 2007, but due to government policies, BSNL started running at a loss from 2008 and has been in deficit for the past 18 years.**

It is an irrefutable truth that BSNL has been passing through a period of distress solely because of the anti-public sector policies of the Central Government and the mismanagement by high-level officials. To hide these failures from the public, the government and management colluded to spread a misconception throughout the country that BSNL is being ruined because of the large number of employees. Misleading news was spread that 75% of BSNL's total revenue is spent on employee salaries and allowances. **Under this conspiracy and on the advice of "experts," the Central Government and BSNL management, in a single stroke on December 20, 2020, terminated the services of approximately 80,000 employees in the name of VRS (Voluntary Retirement Scheme).**

Now, the Central Government has again ordered the Department of Telecommunications officers to reduce the number of employees by 31.10.2026. Efforts are being made to further reduce the workforce under the guise of internal restructuring within BSNL. It is important to note that at the time of BSNL's establishment, approximately 3.75 lakh employees and officers were absorbed into BSNL. Despite such a large number, BSNL earned huge revenues. In 2004-05, BSNL earned a profit of 10,500 crore rupees. Until 2007-08, BSNL remained profitable even with that workforce, even when private telecom companies had entered the field.

Due to the government's wrong policies and management's arrogance, BSNL's economic decline began. After the 2020 VRS, only about 1.5 lakh employees remained. Due to a large number of retirements every year, only about 60,000 officers and employees are currently working, of which the number of non-executive employees is approximately 33,000. Now, there are talks of removing another 15,000 of them. **It appears the Central Government is planning to close BSNL and hand it over to private businessmen.** This company is a Public Sector Undertaking (PSU), and the people of India are its owners. However, the public is unaware of how a "Navratna" company is being hollowed out from within to be handed over to private hands.

**The NFTE BSNL organization, in its national meeting held on March 14 and 15, 2026, passed a resolution after intense discussion that we will not accept VRS under any circumstances and will firmly oppose it.**

**Other Resolutions Passed by the Executive Committee:**

**Apart from VRS, the committee passed resolutions on the following burning issues of the employees:**

**1. Third Pay Revision:** The pay revision for BSNL employees and officers has been pending since January 1, 2017. All employees are forced to work on the 2007 pay scales. While the matter has been sent to the Department of Telecommunications following an agreement with recognized unions, the Patna meeting passed a resolution stating that the government has no moral right to stop pay revision just because BSNL is not in profit. **Profit and loss depend on government policies and management, not the employees.** We demand that the conditions be relaxed and the decision for pay revision be granted.

**2. Promotion Policy :** We have been demanding a new promotion policy for the last 10 years, but management has ignored it. **The current 2008 policy is misleading and discriminatory. While officers get financial upgrades every five years, for employees, it is set at 8 to 10 years.** The committee expressed great anger over this and passed a resolution for a new policy.

**3. Membership Verification Through Secret Ballot:** Since the inception of BSNL, recognition was granted through secret ballots. However, the rules were changed in 2012 to require 50% of the votes for a union to be recognized as the sole representative. Now, BSNL management wants to conduct verification through "Check-off" instead of a secret ballot. **We oppose this and demand a Secret Ballot. If the 50% vote requirement is abolished, NFTE BSNL may participate in the verification.**

**4. Mobile App Attendance:** Management has introduced attendance through a mobile app but is not providing financial assistance to buy smartphones. Low-paid employees cannot afford them. We demand at least 8,000 rupees in assistance for purchasing mobiles.

**5. Festival Advance:** Employees are facing financial hardship. **We demand a 10,000 rupee festival advance** so employees can celebrate with their families.

**6. Staff Surplus and Exams:** Many cadres have been arbitrarily declared "Surplus" in the name of restructuring, and exams are not being conducted for any cadre, leaving the future of employees in the dark. Management has ignored our suggestions for a new system.

In conclusion, the situation of BSNL employees is pathetic. After two days of intense discussion in Patna, **it was felt that unshakable unity is the only way to save BSNL from being sold and to protect the employee community. Let us all work for solidarity and resolve to move forward by taking all organizations together.**

**Long Live NFTE**
**Long Live Employee Unity!**

संपादकीय

# अक्षुण्ण एकता के लिए राष्ट्रीय कार्यकारी समिति का मुखर आह्वान

दिनांक 14 एवं 15 मार्च 2026 को पटना में संपन्न एनएफटीई बीएसएनएल की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की सभा ने एक सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के द्वारा यह सभी यूनियन एवं संगठन के नेतृत्व का आह्वान किया है की विकट परिस्थितियों से जूझते हुए कर्मचारियों को संकट से उबरने के लिए सभी भेदभाव भूल कर आपस में अक्षुण एकता का सृजन करें कर्मचारियों के विभिन्न जायज एवं ज्वलंत समस्याओं का पिछले लंबे अरसे से निष्पादन नहीं होने तथा प्रबंधन द्वारा उनकी समस्याओं को नजर अंदाज करने की स्थिति में समय की पुकार है कि सभी संगठन आपस में एक्शन एकता का सृजन करें।

इतिहास साक्षी है कि भारत में ब्रिटिश शासन काल में भी कर्मचारी और मजदूरों ने एक मजबूत एकता के साथ खड़े होकर ट्रेड यूनियन पंजीयन एक्ट एवं विभिन्न कानून को लाने में सफल हुए। यह सुविधा बहुत आसानी से प्राप्त नहीं हुई है कर्मचारियों ने सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए बहुत ही यातनाएं सही हैं परंतु अपनी एकजुट और संघर्ष चलता को हथियार बनाकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति करते रहे हमें मालूम है कि बीएसएनएल बनने के पहले हम दूरसंचार विभाग में कार्यरत थे और सन 1986 में के पूर्व हम सभी कर्मचारी एवं अधिकारी डाक तार विभाग के कर्मचारी थे हमारे विभाग में आजादी के पूर्व सन 1946 में हड़ताल का आयोजन किया था जिसके चलते कामरेड ओम प्रकाश गुप्ता जी शरीर के नेताओं को जेल में बंदी बनाया गया था इसके बावजूद हमारी एकता को कोई ताकत प्राप्त नहीं कर पाई और स्वतंत्रता के उपरांत हमारे संगठन नामक संगठन की स्थापना 24 नवंबर 1954 को की गई यह संगठन लगातार कर्मचारियों के हिरावल दस्ता के रूप में कार्य करते हुए एकता और संघर्ष के बल पर कर्मचारियों के लिए वेतन आयोग पेंशन अधिनियम महंगाई भत्ते की भुगतान सहित अनेकों अधिनियम बनवाने में सफलता हासिल की। इस प्रकार यह संगठन एकजुट होकर 1968 तक कार्यरत रहा परंतु 19 सितंबर 1968 को एक दिवसीय हड़ताल ने सरकार को झकझोर दिया और सरकारी पहल से इस संगठन में तोड़फोड़ करते हुए एक नए संगठन की नींव डाली गई परंतु कर्मचारी नेताओं की गहरी सोच और कर्तव्यनिष्ठा के चलते यह दोनों संगठन मिलकर पूर्व की भांति कर्मचारी के रक्षित कार्य करते रहे पुणे राजनीतिक अकाउंट ने कर्मचारियों के बीच जोड़–तोड़ करते हुए एक तीसरी संगठन का गठन सन 1978 में किया परंतु एनएफपीटीई के नेतृत्व में यह तीनों संगठन कर्मचारियों के हित में कार्य करते रहे। सन 1986 में डाक तार विभाग के विभाजन के उपरांत डाक विभाग और दूरसंचार विभाग के नाम से दो अलग विभाग बना दिए गए इसके उपरांत ऊपर वर्णित तीनों संगठन भी बंट कर अलग–अलग कार्य करने लगे। सन 1990 के दशक में निजीकरण वैश्वीकरण तथा उदारीकरण का दौर आया और उसे दौर में सरकार ने दूरसंचार विभाग को निगम में परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी तत्कालीन सरकार इस कार्य में सफल नहीं हो पाई परंतु सन 2000 में सट्टा रोड सरकार ने 1 अक्टूबर 2000 से दूरसंचार विभाग को निगम में परिवर्तित कर दिया।

इस विषम घड़ी में भी कामरेड आप गुप्ता जी के नेतृत्व में दूरसंचार विभाग में कार्यरत तीनों संगठनों ने चट्टानी एकता बनाकर 6 सितंबर 2000 से 8 सितंबर 2000 तक मुकम्मल हड़ताल कर दी हालांकि भारतीय दूरसंचार कर्मचारी संघ ने 6 सितंबर की संध्या को ही सरकारी दबाव में आकर अपनी हड़ताल वापस ले ली परंतु उनके हड़ताल वापसी के बावजूद एक भी कर्मचारी कार्य पर नहीं लौटे और केंद्र सरकार बढ़े होकर हड़ताली कर्मचारियों को नेताओं से वार्तालाप के उपरांत एक समझौता किया। जिसमें कर्मचारियों को सरकारी कोष से पेंशन देने, नौकरी की गारंटी देने तथा नवसृजित भारत संचार निगम को आर्थिक रूप से जीवंत रखने के कर्मचारियों की मांगों को मानते हुए इसकी गारंटी दी गई।

कर्मचारी अति उत्साह के साथ विकल्प देकर निगम में प्रवेश किया तथा भारत सरकार के नीतियों के अनुरूप निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए निगम को भारी मुनाफे की ओर अग्रसर करते रहे भारत संचार निगम लिमिटेड सन 2007 तक मुनाफे में चलती रही परंतु सरकार की नीतियों के कारण और निजी कंपनियों के हित में नीति बनाने के कारण भारत संचार निगम लिमिटेड सन 2007 से घाटे में चलने लगी और इस प्रकार पिछले 18 वर्षों से खाते में चल रही है।

यह अकाट्य सत्य है कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण ही बीएसएनल दुर्दशा के दौर से गुजरती रही और कर्मचारी संगठन एकजुट होकर लगातार संघर्ष करते रहे। सरकार की लोक उपक्रम विरोधी नीतियों एवं उच्च पदस्थ प्रबंधन की अदूरदर्शिता उजागर करते रहे। आम जनता के बीच साजिशों के उजागर करने के कारण सरकार और प्रबंधन ने मिलकर यह पूरे देश को भ्रमित किया और बतलाया कि कर्मचारियों की भारी संख्या के कारण बीएसएनएल की आर्थिक तबाही हो रही है इस प्रकार के भरम समाचार पत्रों द्वारा फैलाया गया कि बीएसएनएल द्वारा प्राप्त कुल राजस्व का 75% हिस्सा कर्मचारियों के वेतन भत्तों पर खर्च हो जाते हैं और इस साजिश के तहत तथा नीति सलाहकारों के

सलाह पर केंद्र सरकार तथा बीएसएल प्रबंधन 20 दिसंबर 2020 को एक झटके में बीएसएनल से लगभग 80 हजार कर्मचारियों को वी आर एस (वीआरएस) के नाम पर सेवा मुक्त कर दिया।

अभी पुणे केंद्र सरकार ने कर्मचारियों की संख्या कम करने के लिए दूरसंचार विभाग के अधिकारियों को यह आदेश दिया है कि 31 अक्टूबर 2026 तक कर्मचारियों की संख्या कम कर दी जाए बीएसएनल में चल रहे आंतरिक पुनर्गठन में भी फिर से कर्मचारियों की संख्या कम करने के प्रयास किया जा रहे हैं और इसके अनुसार यह काम 30 जून 2026 तक पूरा कर लेना है यह बताना जरूरी है कि बीएसएनएल की स्थापना के समय लगभग 375000 कर्मचारी एवं अधिकारी बीएसएनल में समायोजित किए गए थे और इतनी बड़ी संख्या के रहते हुए बीएसएनल में भारी राजस्व की प्राप्ति होती थी। वर्ष 2004–05 में बीएसएनएल में ने 10500 करोड़ का मुनाफा कमाया था और इतनी संख्या में कर्मचारियों के रहते हुए वर्ष 2007–08 तक बीएसएनल मुनाफे में रही जबकि कई निजी दूरसंचार कंपनियां मैदान में उतर चुकी थी। इस बीच सरकार की गलत नीतियों उच्च प्रबंधन के और दूरदर्शिता के कारण बीएसएनल में आर्थिक गिरावट शुरू हुई सन 2020 के वर्ष के बाद लगभग 150000 कर्मचारी शेष बच गए थे भारी संख्या में प्रतिवर्ष सेवा निवृत्ति के कारण अब लगभग 55000 अधिकारी एवं कर्मचारी ही कार्यरत हैं जिनमें नों एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की संख्या लगभग 23000 है इनमें 35% कर्मचारियों को निकालने की बातें चल रही है इस प्रकार यह प्रतीत होता है कि केंद्र सरकार बीएसएनल को बंद करके निजी व्यापारियों द्वारा चलने के उपाय कर रही है यह कंपनी एक लोक उपक्रम कंपनी है और भारत की समस्त जनता इस कंपनी की मालिक है परंतु जनता को यह मालूम नहीं है कि किस प्रकार एक नवरत्न कंपनी को अंदर से खोखला करते हुए निजी हाथों में सौंपने की प्रक्रिया चल रही है एनएफटी बीएसएनल संगठन की दिनांक 14 एवं 15 मार्च 2026 को संपन्न हुए राष्ट्रीय कार्यकारी नीति बैठक में गहन चर्चा और विचार विमर्श के उपरांत यह प्रस्ताव पास किया है कि हम किसी भी हालत में वर्ष स्वीकार नहीं करेंगे और इसका डटकर विरोध करेंगे। वर्ष के अतिरिक्त कार्यकारिणी सभा ने कर्मचारियों के निम्नलिखित ज्वलंत समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा के उपरांत प्रस्ताव पारित किए हैं जो निम्नलिखित है:–

**1. तीसरा वेतन संशोधन:** 1 जनवरी 2017 से लंबित वेतन संशोधन को तुरंत लागू करने की मांग की गई। समिति का मानना है कि लाभ–हानि सरकारी नीतियों पर निर्भर करती है, कर्मचारियों पर नहीं।

**2. पदोन्नति नीति:** वर्तमान 2008 की भेदभावपूर्ण नीति को बदलकर नई पदोन्नति नीति बनाने की मांग की गई।

**3. गुप्त मतदान:** सदस्यता सत्यापन के लिए 'चेक–ऑफ' प्रणाली का विरोध करते हुए 'सीक्रेट बैलेट' (गुप्त मतदान) की मांग की गई।

**4. मोबाइल ऐप अटेंडेंस:** प्रबंधन से मांग की गई कि मोबाइल ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने के लिए कर्मचारियों को स्मार्टफोन खरीदने हेतु कम से कम 8,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाए।

**5. त्योहार अग्रिम:** कर्मचारियों की आर्थिक कठिनाइयों को देखते हुए 10,000 रुपये के त्योहार अग्रिम (Festival Advance) की मांग की गई।

6. यह खेदजनक है कि बीएसएनएल के आधे सर्किलों को मनमाने ढंग से पुनर्गठन के नाम पर सरप्लस (अधिशेष) घोषित कर दिया गया है। किसी भी संवर्ग के लिए परीक्षाएं नहीं ली जा रही हैं जिससे कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय है। हमने नई व्यवस्था के सुझाव दिए, परंतु प्रबंधन संज्ञान नहीं ले रहा है।

आज कर्मचारियों की स्थिति दयनीय है। पटना की बैठक का निष्कर्ष यही है कि अक्षुण्ण एकता और संघर्ष ही एकमात्र विकल्प है जिससे हम बीएसएनएल को निजी हाथों में जाने से रोक सकते हैं और कर्मचारी समुदाय की रक्षा कर सकते हैं। आइए, हम सब एकजुट होकर आगे बढ़ने का संकल्प लें।

**एन.एफ.टी.ई. जिंदाबाद!**

**कर्मचारी एकता जिंदाबाद!**